भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 314
02.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड का पुनरुद्धार

314. **श्री हैबी ईडनः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, कलामस्सेरी, केरल का पुनरुद्धार करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह इकाई अभी भी पुराने 1997 के वेतनमान और अनियमित वेतन संवितरण के आधार पर कार्य कर रही है और इसमें स्थायी प्रबंध निदेशक या अध्यक्ष नहीं है;

(ग) क्या एचएमटी कार्यशील पूंजी की भारी कमी का सामना कर रही है;

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एक प्रतिस्पर्धी केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रम होने के बावजूद, एचएमटी लघु उद्योग (एसएसआई) वरीयता खंड के अंतर्गत निविदाएं प्राप्त करने में असमर्थ है;

(ङ) क्या सरकार के पास कलामस्सेरी में एचएमटी की भूमि परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और केरल में नई औद्योगिक या रोजगार सृजन परियोजनाओं के लिए उनका उपयोग करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या विस्तार योजनाओं में कलामस्सेरी इकाई में नई विनिर्माण प्रौद्योगिकियों या उत्पाद लाइनों को शुरू करना शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) : कलामस्सेरी इकाई एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, जो एचएमटी लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है, की एक प्रचालन विनिर्माण इकाई है सरकार ने दिनांक 01.11.2024 के आदेश के तहत एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड के पुनरुद्धार के लिए सिफारिशें प्रस्तुत करने और आगे की रणनीति तैयार करने के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(ख) : एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड ने 01.01.2007 और 01.01.2017 से वेतनमान में संशोधन के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं किया। वर्तमान में, एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड की कलामस्सेरी इकाई में कर्मचारियों के वेतन संवितरण में 2 महीने का विलंब हो रहा है। चूंकि कलामस्सेरी इकाई एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड की ही एक इकाई है, इसलिए इसमें अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक का कोई अलग पद नहीं है।

(ग) और (घ) : जी हाँ, पुराने संयंत्र और मशीनरी, खराब उत्पादकता आदि के कारण, एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड की निवल संपत्ति पिछले कुछ वर्षों में कम हो गई है और यह गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही है।

(ङ) : सरकार ने सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के अंतर्गत दिनांक 14.01.2011 के सांविधिक आदेश सं. 222 के तहत एचएमटी लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के उपयुक्त कर्मचारी (कर्मचारियों) को संपदा अधिकारी के रूप में नामित किया है।

(च) : एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, जिसकी कलामस्सेरी इकाई सहित अनेक इकाइयां हैं, कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत एक सीपीएसई होने के नाते, कंपनी अधिनियम के प्रावधानों और सीपीएसई के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करती है तथा निवेश के संबंध में अपनी प्रचालन आवश्यकताओं के अनुसार उचित निर्णय लेती है।

*****